# साथी सच्चा यार है मेरा सांवरा भजन लिरिक्स

साथी सच्चा यार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा।bd।

तर्ज – थोड़ा इंतजार का।

---

सुख दु:ख में रहता हरपल,
ये साथ साथ है,
सांवरा पकड़ता जिसका,
छोड़ता ना हाथ है,
बड़ा वफादार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा।bd।

---

बेरंग जिंदगी में,
खुशियों का चढ़ाता रंग,
मायूस चेहरों पे ये,
लाता एक नई उमंग,
करता चमत्कार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा।bd।

---

लौटता ना खाली कोई,
इसके दरवाजे से,
अपनी रहमतो से ‘कुंदन’,
सबको नवाजे ये,
लखदातार है मेरा सांवरा,
**Bhajan Diary,**
दानी दिलदार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा।bd।

---

साथी सच्चा यार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा,
दानी दिलदार है मेरा सांवरा।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com